# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मई 2023




नगर पालिक निगम भिलाई

# मजदूरों के सम्मान में सीएम की पहल सराहनीय: विधायक देवेंद्र यादव व महापौर नीरज पाल

भिलाई नगर/ अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के अपील पर भिलाई में श्रमिकों के सम्मान में बोरे बासी खाने का महोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। यह पहली बार है कि एक स्थान पर 300 लोगों की एक साथ बैठकर बोरे बासी खाने की व्यवस्था की गई थी। विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, निगमायुक्त रोहित व्यास, सभापति गिरवर बंटी साहू ने सभी के साथ नीचे बैठकर बोरे बासी खाया। यही नहीं विधायक एवं महापौर ने उपस्थित सभी को स्वयं अपने हाथों से बोरे बासी परोसी और छत्तीसगढ़ी पारंपरिक भोजन का बोध कराया। भिलाई निगम ने श्रमिक दिवस के अवसर पर बोरे बासी को तिहार के रूप में मनाया। सभी एक साथ बोरे बासी खाते हुए दिखे। पारंपरिक भोजन का अन्य लोगों ने भी लुफ्त उठाया तथा भोजन की जमकर तारीफ की। मजदूर दिवस के अवसर पर बोरे बासी तिहार के आयोजन से आने वाली पीढ़ी तथा युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़िया आहार और संस्कृति से जोड़ने का बेहतरीन प्रयास है। बोरे बासी के साथ आम का अथान आचार, टमाटर की चटनी, खट्टा भाजी, प्याज एवं मिर्ची, भरवा मिर्ची, लाइ बरी, बिजोरी और मही के समायोजन ने बोरे बासी के स्वाद को लजीज बना दिया। इस दौरान सभी ने छत्तीसगढ़िया खाना बोरे बासी खाकर अपनी संस्कृति पर गर्व महसूस किया। आंध्रा भवन में आयोजित बासी तिहार में जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या, जलंधर सिंह, भूपेंद्र यादव, राजेश चौधरी, एमआईसी मेंबर सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, लाल चंद वर्मा, आदित्य सिंह, रीता गेरा, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, मालती ठाकुर, पार्षद गण, निगम के जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, विभाग प्रमुख तथा सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने बोरे बासी खाया।





# मितान योजना को 1 वर्ष पूरे, जरूरी सेवाओं के लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क करने वाले 8242 भिलाई के हितग्राहियों को मिला घर पहुंच प्रमाण पत्र

भिलाई नगर/ मितान योजना के 1 वर्ष पूरे हो चुके हैं अब तक 8242 लोगों को घर पहुंच सेवा इसके तहत मिल चुकी है इन हितग्राहियों ने केवल टोल फ्री नंबर 14545 का इस्तेमाल किया था और इन्हें त्वरित रूप से घर पहुंच कर प्रमाण पत्र की सेवा मिल चुकी है। इस प्रकार से मितान योजना में 17 प्रकार की सेवाएं हो जाएंगी। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लोगों को दिलाने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। निगम की अपील है कि मितान योजना के माध्यम से विवाह प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, जन्म प्रमाण पत्र, दुकान एवं स्थापना पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, विवाह प्रमाण पत्र में सुधार, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड, पैन कार्ड, आधार नंबर में मोबाइल अपडेशन, निवास प्रमाण पत्र, एससी एसटी प्रमाण पत्र, ओबीसी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जैसे अन्य प्रमाण पत्र एवं जरूरी सेवाओं का लाभ लेने के लिए 14545 टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करे



# टैक्स कलेक्शन में तेजी लाने निगमायुक्त रोहित व्यास ने ली समीक्षा बैठक

भिलाई नगर/ निगमायुक्त रोहित व्यास ने आज टैक्स कलेक्शन में तेजी लाने एवं राजस्व में बढ़ोतरी के लिए राजस्व विभाग एवं संपत्तिकर के अधिकारियों तथा एजेंसी एसपीएस के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ली। सर्वप्रथम उन्होंने एजेंसी के द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर कलेक्शन तथा असेसमेंट के कार्यों की गहन समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने एजेंसी के द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर कलेक्शन तथा असेसमेंट के कार्यों की गहन समीक्षा की। आयुक्त ने निर्देश दिए कि फील्ड में किए जा रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट संपत्तिकर के अधिकारियों को निरंतर उपलब्ध कराएं ताकि इस आधार पर टैक्स कलेक्शन में तेजी लाने निगम के द्वारा किए जाने वाले प्रोसेस में कोई भी कमी न रहे। प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक निगम द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।वित्तीय वर्ष 2023-24 का संपत्तिकर जमा करने पर छूट का मिल रहा है फायदा बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त रमाकांत साहू एवं नरेंद्र बंजारे, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, राजस्व अधिकारी श्रीनिवास पटेल, संपत्तिकर विभाग से बी एल असाटी आदि मौजूद रहे।वित्तीय वर्ष 2023-24 का संपत्तिकर मई महीने में जमा करने पर मई माह में 6.25% छूट का फायदा मिल रहा है। मई माह के अंत तक संपत्तिकर जमा करने वाले करदाताओं को 6.25 प्रतिशत छूट मिलेगा। इस छूट का फायदा करदाता इस माह में टैक्स जमा कर उठा सकते हैं।



# खुद का आवास पाने के लिए पात्र हितग्राहियों को जमा करना होगा अंशदान का राशि तभी लॉटरी में किया जाएगा शामिल, 24 मई को होगा लॉटरी का आयोजन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर मकान, मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत केनाल रोड एवं अन्य विकास कार्यों से प्रभावित हितग्राही जिन्हें बेदखली व्यवस्थापन हेतु सूचना पत्र जारी किया गया है। आवास आबंटन के लिए अंशदान की संपूर्ण राशि 75000 रुपए एकमुश्त दिनांक 22 मई 2023 तक जमा कर दें। ताकि दिनांक 24 मई 2023 को प्रातः 11:00 बजे होने वाली लॉटरी में आवास आबंटन हेतु शामिल किया जा सके। इसी प्रकार मोर मकान मोर आस घटक के अंतर्गत शासन से स्वीकृत परियोजना में आवास आबंटन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए पात्र हितग्राही जो आवास आबंटन के राशि की 10% अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं उन्हें सूचित किया जाता है कि दिनांक 22 मई 2023 तक मुख्य कार्यालय सुपेला के आवास योजना शाखा कक्ष क्रमांक 16 में राशि जमा कर दें। ताकि दिनांक 24 मई 2023 को प्रातः 11:00 बजे से होने वाले लॉटरी में आवास आबंटन हेतु शामिल किया जा सके।



# बारिश के दिनों में न हो जलभराव की स्थिति निर्मित, भिलाई के सभी नाला एवं नालियों की करले सघन सफाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सभी जोन आयुक्त एवं अभियंताओं की बैठक ली। बैठक में महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि बारिश के दिनों में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए अभी से बड़े नालों और नालियों की सफाई काम पूर्ण कर ले। बैठक में सभी जोन क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति वाले क्षेत्रों की गहन समीक्षा की गई। मोहल्ले एवं गलियों तथा वार्ड की जानकारी संयुक्त रूप से ली गई। जलभराव से उबरने के लिए तत्कालिक एवं स्थाई समाधान के बारे में चर्चा की गई। और इस मुताबिक कार्य करने के निर्देश बैठक में दिए गए। बारिश के दिनों में सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क मरम्मत, संधारण एवं डामरीकरण को लेकर सभी जोन क्षेत्रों में कार्य किए जा रहे हैं इसकी विस्तृत समीक्षा बैठक में की गई। मोहल्ले एवं गलियों तथा वार्ड की जानकारी संयुक्त रूप से ली गई। जलभराव से उबरने के लिए तत्कालिक एवं स्थाई समाधान के बारे में चर्चा की गई। और इस मुताबिक कार्य करने के निर्देश बैठक में दिए गए। बारिश के दिनों में सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं।



# महापौर नीरज पाल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में हेल्थ चेकअप कराकर अन्य लोगों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में हेल्थ चेकअप कराकर अन्य लोगों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का दिया संदेश प्रसारित किया है। मेयर ने स्वास्थ्य शिविर में अपना ब्लड प्रेशर चेक कराया। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि समय-समय पर अपना हेल्थ चेकअप जरूर कराते रहना चाहिए ताकि बीमारियों का पता पूर्व से चल सके और शीघ्र ही उसका उपचार संभव हो सके। महापौर ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट की सुविधा भिलाई के पूरे शहर में लोगों को मिल रही है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप श्रमिकों को उनकी ही बस्ती में उनके द्वार के नजदीक सारी चिकित्सकीय सुविधाएं मिल रही है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने वार्डों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लग रहे हैं। मोबाइल मेडिकल युनिट श्रमिक बस्तियों में जाकर अपनी चिकित्सकीय सेवा लगातार दे रही है। इसमें सभी वर्ग व उम्र के लोग अपनी ही बस्ती में अपने घर के समीप लगे कैंप में आकर निःशुल्क जांच कराकर दवाइयां ले रहे हैं। इस योजना का अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है। अब तक 2233 कैम्प लगाए गए। जिसमे 177961 मरीजों ने उपचार कराए। 45132 मरीजों ने लैब में टेस्ट करवाए व 160594 मरीजों को दवा का निःशुल्क वितरण किया गया।



# मितान योजना में सुविधाओं का हुआ विस्तार, अब घर बैठे बनवा सकेंगे राशन कार्ड

भिलाई नगर/ मितान योजना के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जरूरी सेवाए मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की पहल से अब इस योजना में राशन कार्ड को भी शामिल कर लिया गया है। मितान योजना में लगातार सुविधाओं का विस्तार होते जा रहा है। राशन कार्ड की सेवा आज से जुड़ने के बाद भिलाई महापौर नीरज पाल ने मितान बनकर 3 हितग्राहियों को घर पहुंचाकर राशन कार्ड दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव एवं दीप्ति साहू भी मौजूद रही। खुर्सीपार क्षेत्र के निवासी रंजीता सिंह, अनीता जायसवाल एवं तारा खातून ने राशन कार्ड बनवाने के लिए मितान योजना के टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क किया था। मितान योजना के तहत विभिन्न प्रकार की 17 जरूरी सेवाओं के 9337 प्रमाण पत्र लोगों को मिल चुका है। मितान योजना के माध्यम से घर बैठे जन्म, मृत्यु, शादी, प्रमाण पत्र के साथ ही जाति प्रमाण पत्र, आय, निवास प्रमाण पत्र, गुमास्ता लाइसेंस, पैन कार्ड, बच्चो का आधार कार्ड तथा राशन कार्ड की सुविधाएं भी मिल रही है और घर बैठे यह सभी प्रमाण पत्र प्राप्त हो रहे हैं। निगम की अपील है कि मितान योजना के माध्यम से प्रमाण पत्र एवं जरूरी सेवाओं का लाभ लेने के लिए 14545 टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करे।



# क्रेडा के ट्रेनर ने एनर्जी कंजर्वेशन को लेकर भिलाई के अभियंताओं को दिया प्रशिक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज क्रेडा से आए ट्रेनर ने निगम के अभियंताओं को एनर्जी कंजर्वेशन को लेकर प्रशिक्षण दिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में एनर्जी सेविंग के बारे में निगम के अभियंताओं को जानकारी दी जाएगी। आज प्रशिक्षण के प्रथम दिन ट्रेनर प्रीति गुप्ता एवं साउमेन जाएन ने अभियंताओं को प्रशिक्षण में बताया कि पहले रौशनी के लिए बल्ब का उपयोग किया जाता था, फिर इसके स्थान पर एलईडी लाइट का उपयोग किया जाने लगा, इस प्रकार धीरे-धीरे परिवर्तन आने लगा है और एनर्जी कंजर्वेशन की ओर आगे बढ़ोतरी हो रही है। इसी प्रकार बिल्डिंग के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। सूर्य की दिशा के हिसाब से इसका आउटसाइड की दीवार की मोटाई कितनी होनी चाहिए, छत की मोटाई कितनी होनी चाहिए, घरों में खिड़की होना कितना आवश्यक है और इसकी साइज क्या होनी चाहिए, बिल्डिंग में सिंगल ग्लास एवं डबल ग्लास का क्या महत्व है तथा डबल ग्लास क्यो होना चाहिए। सर्वप्रथम ट्रेनिंग में छत्तीसगढ़ के जलवायु के बारे में जानकारी दी गई इसके मुताबिक एनर्जी सेविंग को विस्तार से समझाया गया। उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम भिलाई निगम के सभागार में रखा गया है जिसमें एनर्जी कंजर्वेशन के बारे में अभियंताओं को जानकारी दी जा रही है। आज के प्रशिक्षण में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी सहित निगम के उप अभियंता, सहायक अभियंता आदि मौजूद रहे।



# मेगा जॉब ऑफर, रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई नगर/ छत्तीसगढ़ सरकार की घोषणा के अनुरूप आईटी सेक्टर की ओर बढ़ते भिलाई में बीपीओ कॉल सेंटर खुलने जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की घोषणा पर विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की पहल से भिलाई में इसके लिए शीघ्रता से कार्य किया जा रहा है।बीपीओ कॉल सेंटर खुलने से हजारों बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार मिल पाएगा। बीपीओ कॉल सेंटर में भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है इसके लिए मंगल भवन भिलाई खुर्सीपार में 1 जून 2023 दिन गुरुवार को साक्षात्कार रखा गया है। टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशन संस्था के द्वारा बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से सिलेक्शन की प्रक्रिया की जाएगी। वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन 1 जून को सुबह 11:00 बजे से मंगल भवन खुर्सीपार जोन 4 में टेक्नोटास्क संस्था के द्वारा किया जाएगा। बीपीओ कॉल सेंटर में सिलेक्शन के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से अधिक, शैक्षणिक योग्यता 12वीं से स्नातक पास एवं कंप्यूटर संचालन, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा का लेखन एवं वार्तालाप का अनुभव आवश्यक होगा।



# निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के तहत महापौर नीरज पाल ने वार्ड 31 का किया दौरा

भिलाई नगर/ निगम तुहर द्वार अंतर्गत महापौर संग गोठ के जरिए शिविर का आयोजन आज वार्ड 31 में किया गया। इस दौरान महापौर नीरज पाल ने मोहल्ले के लोगों की समस्याएं सुनी। वार्ड के निवासियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सीवरेज की समस्या से महापौर को अवगत कराया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही सीवरेज की समस्या का समाधान करने के लिए उचित कार्यवाही करें। अब वार्ड में सीवरेज की समस्या से निजात मिल जाएगा। शिविर में आवेदन लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं को महापौर ने गंभीरता से सुना और पूरे समय तक शिविर में मौजूद रहे। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आवेदनों का परीक्षण करते हुए निराकरण किया जाए। त्वरित समाधान योग्य आवेदन पर शीघ्रता से कार्यवाही की जाए। शिविर में प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री मितान योजना, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, शहरी आजीविका मिशन के तहत व्यक्तिगत लोन एवं अन्य योजना, नए नल कनेक्शन, गुमास्ता लाइसेंस एवं अनुज्ञप्ति लाइसेंस, भवन, दुकान, व्यापारिक प्रतिष्ठान का नियमितीकरण, स्ट्रीट लाइट संधारण, संपत्तिकर, भू भाटक, जलकर, यूजर चार्ज वसूली काउंटर, पाइपलाइन, बोर, पंप, हैंड पंप संधारण, वार्ड स्तर पर नाली रोड टूट-फूट संधारण, सफाई कार्य तथा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया।



# 11 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, निगम सभागार में दी गई भावभीनी विदाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में सेवानिवृत्त होने वाले 11 कर्मचारियों को आज भावभीनी विदाई दी गई। अलग-अलग विभाग में पदस्थ तथा अलग-अलग जोन क्षेत्रों में पदस्थ आज 11 कर्मचारी भिलाई निगम से सेवानिवृत्त हो गए हैं। इन सभी कर्मचारियों को नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त के अवसर पर विदाई देकर इनका सम्मान किया। विदाई के अवसर पर आयुक्त रोहित व्यास ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारियों को एक न एक दिन सेवानिवृत्त होना ही है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल के सभी अनुभवों को निगम के कर्मचारियों से साझा किया। इस अवसर पर अप्पर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, संजय शर्मा, शरद दुबे, जय जैन तथा अधिकारी/कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




**Editorial Board**

श्री रोहित व्यास
भा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई